# सर्वाइकल स्क्रीनिंग के बारे में आपको क्या पता होना चाहिए।

## सर्वाइकल स्क्रीनिंग क्या है?

सर्वाइकल स्क्रीनिंग एक जांच है जो उन लोगों के लिए की जाती है जिन्हें सर्वाइकल कैंसर होने का खतरा है, लेकिन उनमें कोई लक्षण नहीं हैं और आमतौर पर वे ठीक महसूस करते हैं। ओंटारियो सर्वाइकल स्क्रीनिंग कार्यक्रम (Ontario Cervical Screening Program) एक स्क्रीनिंग कार्यक्रम है जो इन लोगों को नियमित रूप से स्क्रीनिंग करवाने के लिए प्रोत्साहित करता है। नियमित सर्वाइकल स्क्रीनिंग से आपको सर्वाइकल कैंसर होने से बचने में मदद मिल सकती है।

सर्वाइकल कैंसर गर्भाशय ग्रीवा (गर्भाशय के निचले हिस्से) में होने वाला कैंसर है। गर्भाशय ग्रीवा वह हिस्सा है जो गर्भाशय (बच्चेदानी) को योनि (जननांग ओपनिंग) से जोड़ता है। सर्वाइकल कैंसर लगभग हमेशा ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (Human Papilloma Virus, HPV) के कारण होता है। अगर आपके परिवार में किसी और को सर्वाइकल कैंसर हुआ है तो आपके सर्वाइकल कैंसर होने की संभावना अधिक **नहीं** है।

### ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (Human Papilloma Virus, HPV) क्या है?

HPV एक वायरस है जो यौन संपर्क के माध्यम से एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में फैलता है। यौन संपर्क में कई अलग-अलग चीजें शामिल हो सकती हैं। इस जानकारी पत्रक में, इसमें वह कोई भी समय शामिल है जब किसी अन्य व्यक्ति का आपके जननांगों (निजी अंगों) से संपर्क होता है। यह संपर्क हाथों, मुंह या जननांगों से हो सकता है।

HPV आम है और अक्सर बिना कोई नुकसान किए अपने आप ठीक हो जाता है।

HPV के 100 से अधिक प्रकार हैं और वे गर्भाशय ग्रीवा की कोशिकाओं में परिवर्तन का कारण बन सकते हैं। HPV के **कुछ** प्रकारों के साथ, यदि इन कोशिका परिवर्तनों का इलाज नहीं किया जाता है, तो समय के साथ ये सर्वाइकल कैंसर में बदल सकते हैं।

### सर्वाइकल स्क्रीनिंग जांच क्या है?

सर्वाइकल स्क्रीनिंग जांच में HPV के उन प्रकारों की जांच की जाती है जो कभी-कभी सर्वाइकल कैंसर का कारण बन सकते हैं। यह HPV के इन प्रकारों के कारण होने वाले गर्भाशय ग्रीवा में कोशिका परिवर्तनों की भी जांच करता है। यह परीक्षण अन्य प्रकार के एचपीवी की जांच **नहीं** करता है।

पैप परीक्षण जगह, अब सर्वाइकल स्क्रीनिंग परीक्षण किया जाता है क्योंकि यह सर्वाइकल कैंसर को रोकने में बेहतर है।

### किसे स्क्रीनिंग करवानी चाहिए और कितनी बार?

ओंटारियो सर्वाइकल स्क्रीनिंग कार्यक्रम (Ontario Cervical Screening Program) अनुशंसा करता है कि सर्वाइकल स्क्रीनिंग के योग्य अधिकांश लोग हर **5 साल** में स्क्रीनिंग करवाएं।

- स्क्रीनिंग करवाएं यदि आप:
  - कम से कम 25 वर्ष की हैं, और
  - एक महिला, टू-स्पिरिट व्यक्ति, ट्रांसमेस्कुलिन व्यक्ति या गर्भाशय ग्रीवा वाली नॉन-बाइनरी व्यक्ति हैं, और
  - किसी अन्य व्यक्ति के साथ कभी यौन संपर्क किया है, और
  - योनि (जननांग ओपनिंग) से अलग रक्तस्राव या स्राव (साफ या पीला तरल) जैसे लक्षण नहीं हैं
- आपको तब भी स्क्रीनिंग करवानी चाहिए यदि आप:
  - HPV वैक्सीन लगवा चुकी हैं
  - स्वस्थ महसूस करती हैं
  - रजोनिवृत्ति से गुजर चुकी हैं
  - आपके परिवार में किसी को भी सर्वाइकल कैंसर नहीं हुआ है
  - केवल 1 व्यक्ति के साथ यौन संपर्क किया है
  - लंबे समय से एक ही यौन साथी है
  - लंबे समय से यौन संपर्क नहीं किया है
  - समलैंगिक संबंध में हैं

Ontario Health
Cancer Care Ontario

यदि आपकी प्रतिरक्षा प्रणाली कमजोर है तो आपको हर **3 साल** में सर्वाइकल स्क्रीनिंग करवाने की आवश्यकता हो सकती है। उदाहरण के लिए, यदि आप HIV/AIDS के साथ जी रहे हैं या आपका अंग प्रत्यारोपण हुआ है।

गर्भाशय ग्रीवा में कोशिका परिवर्तनों के इलाज के बाद भी सर्वाइकल स्क्रीनिंग की सिफारिश की जाती है। इस उपचार के परिणामों के आधार पर, आपका डॉक्टर, नर्स प्रैक्टिशनर, नर्स या दाई आपको बताएगी कि आपको कितनी बार स्क्रीनिंग करवानी चाहिए।

ज्यादातर लोग 65 से 69 साल की उम्र से सर्वाइकल स्क्रीनिंग करवाना बंद कर सकते हैं। आपका डॉक्टर, नर्स प्रैक्टिशनर, नर्स या दाई आपको यह तय करने में मदद कर सकती है कि क्या आपको 69 साल की उम्र के बाद भी स्क्रीनिंग करवानी चाहिए।

## सर्वाइकल स्क्रीनिंग परीक्षण के दौरान क्या होता है?

सर्वाइकल स्क्रीनिंग परीक्षण पैप परीक्षण करवाने जैसा लगता है। एक डॉक्टर, नर्स प्रैक्टिशनर, नर्स या दाई एक छोटे, मुलायम ब्रश का उपयोग करके गर्भाशय ग्रीवा से कोशिकाओं को लेंगे ताकि प्रयोगशाला HPV के प्रकारों और कोशिका परिवर्तनों के लिए कोशिकाओं का परीक्षण कर सके। आपका परीक्षण करने वाला व्यक्ति परीक्षण को आपके लिए यथासंभव आरामदायक बनाने का प्रयास कर सकता है।

## सर्वाइकल स्क्रीनिंग परीक्षण के बाद क्या होता है?

आपको अपने सर्वाइकल स्क्रीनिंग परीक्षण का परिणाम डाक द्वारा प्राप्त होगा। जिस व्यक्ति ने आपका परीक्षण किया है उसे भी आपके परिणाम की एक प्रति मिलेगी और वह आपके किसी भी प्रश्न का उत्तर दे सकता/सकती हैं। वे आपसे अगले चरणों के बारे में भी बात कर सकते हैं।

कभी-कभी सर्वाइकल कैंसर का कारण बन सकने वाले HPV के किसी प्रकार के होने का मतलब यह नहीं है कि आपको सर्वाइकल कैंसर है, लेकिन आपको **सर्वाइकल कॉलपोस्कोपी** (उच्चारण-*कॉल-पॉस-का-पी*) नामक एक परीक्षा की आवश्यकता हो सकती है।

सर्वाइकल कॉलपोस्कोपी एक विशेषज्ञ डॉक्टर, जैसे स्त्री रोग विशेषज्ञ द्वारा की जाने वाली एक परीक्षा है। कॉलपोस्कोपी के दौरान, विशेषज्ञ यह देखने के लिए गर्भाशय ग्रीवा की अधिक बारीकी से जांच करता है कि क्या कुछ असामान्य दिखता है। कॉलपोस्कोपी करवाने से आपको सर्वाइकल कैंसर होने से बचने में मदद मिल सकती है।

## सर्वाइकल कैंसर होने की मेरी संभावना को क्या प्रभावित कर सकता है?

नियमित रूप से स्क्रीनिंग करवाकर आप सर्वाइकल कैंसर होने की संभावना को कम कर सकती हैं। आपकी उम्र बढ़ने के साथ-साथ, यदि आप धूम्रपान करती हैं और यदि आपने कभी किसी अन्य व्यक्ति के साथ यौन संपर्क किया है, तो आपके सर्वाइकल कैंसर होने की संभावना बढ़ जाती है। सर्वाइकल कैंसर होने की आपकी संभावना को क्या प्रभावित कर सकता है, इसके बारे में अधिक जानने के लिए mycanceriq.ca पर जाएं।

## अपना परीक्षण करवाने के लिए अपॉइंटमेंट कैसे लें?

अपने डॉक्टर, नर्स प्रैक्टिशनर, नर्स या मिडवाइफ को कॉल करके उनसे अपना परीक्षण करने के लिए कहें

-या-

किसी भी समय Health811 का उपयोग करके सर्वाइकल स्क्रीनिंग परीक्षण करने वाले क्लीनिक का पता लगाएं:

- ontario.ca/healthservices पर "सर्वाइकल स्क्रीनिंग परीक्षण" खोजें
- 811 (TTY: 1.866.797.0007) पर कॉल करें
- ontario.ca/health811 पर लाइव चैट का उपयोग करें

**अधिक जानकारी के लिए कृपया इस वैबसाइट पर जाएं: ontariohealth.ca/cervical-test**

क्या यह जानकारी को आसान प्रारूप में चाहिए?
1-877-280-8538, TTY 1-800-855-0511, info@ontariohealth.ca पर संपर्क करें।
Document disponible en français en contactant info@ontariohealth.ca.